# धारा नगरी में साध्वी श्री जीतेशरत्ना श्रीजी का भव्य चातुर्मासिक प्रवेश

## अक्षत-गहुली से हुआ स्वागत, निकला भव्य वरघोड़ा

**धार। श्री भक्तामर महास्त्रोत की रचना स्थली धारा नगरी में सागरसमुदायवर्तनी पपू साध्वी जी श्री जीतेशरत्ना श्रीजी आदि ठाना 4 का भव्य मंगल प्रवेश स्थानीय धानमंडी चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ श्री पारसनाथ जैन धर्मशाला पर पूर्ण हुआ। पूज्य साध्वी जी भगवंत के चातुर्मास में मंगल प्रवेश अवसर पर नगर में समग्र जैन समाज द्वारा घर-घर पर अक्षत से गहुली बनाकर पूज्य साध्वी जी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। समाज का पुरुष वर्ग महिला वर्ग सभी मंडल, परिषद परिवार ,एक साथ मिलकर परमात्मा के जयकारे लगाकर वरघोड़े में चल रहे थे। आनंद चौपाटी पर अरिहंत ग्ररुप की महिला मंडल द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई।**






वरघोड़ा प्रमुख रूप से श्री शंखेश्वर मंदिर, श्री आदेश्वर मंदिर, दर्शन वंदन करते हुए बरगोड़ा जब श्री पारसनाथ मंदिर पहुंचा। वहां पर नाकोड़ा बहू मंडल द्वारा पूज्य साध्वी जी के समक्ष गवली कर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। श्री पारसनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत पूज्य साध्वी जी का धर्मशाला में शुभ मुहूर्त में प्रवेश हुआ। इस अवसर पर नन्ही-मुन्नी बालिकाओं ने नाचते-गाते और वाद्ययंत्र बजाते हुए पूज्य श्री की अगवानी कर मंगल प्रवेश करवाया। श्री संघ के अमित कामदार द्वारा गुरु वंदन करवाया गया। सीमा सराफ द्वारा गुरु के लिए दो लाइन की प्रस्तुति दी गई।

प्रवचन के दौरान पूज्य साध्वी जी भगवंत द्वारा प्रवचन देकर संपूर्ण श्री संघ को वर्षा कल के दौरान चातुर्मास में धर्म आराधना, नियम, संयम, त्याग तपस्या और धार्मिक क्रियाएं करने हेतु बहुत ही सहज सरल भाषा में व्याख्या कर समझाया गया। श्री संघ अध्यक्षद्वय प्रकाश बाफना और वर्धमान सुराना और चातुर्मास समिति अध्यक्ष रोहित नाहर ने श्रीसंघ के सभी सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बाहर से आए मेहमानों का स्वागत किया। संपूर्ण वरघोड़े और कार्यक्रम में श्री संघ से सभी सदस्यों, मंडलो, परिषद, और कार्यकर्ताओं के सक्रियता से कार्यक्रम स?ल हुआसंचालन विजय मेहता द्वारा किया गया। और अंत में साध्वी जी भगवंत द्वारा मांगलिक से कार्यक्रम समापन किया गया।

### श्री संघ ने किया स्वागत

पीयूष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलाचरण अमर कीर्ति महिला मंडल की सुनीता कोठारी, श्वेता गुप्ता और माया जैन द्वारा किया गया। स्वागत गीत नाकोड़ा बहू मंडल की निधि पंकज जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रवेश कार्यक्रम में धर्म सभा को बाहर से आए हुए अतिथियों में से सतीश जैन ट्रस्टी इंदौर द्वारकापुरी इंदौर, आदर्श जैन इंदौर, धार श्री संघ की ओर से राजेंद्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष भाई मोहित तांतेड़ द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और पधारे हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया।



# माँ रेवा घाट निर्माण हेतु ग्राम वायल में 6लाख 11हजार का दान संग्रह

## ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर किया सहयोग, समिति ने जताया आभार

**मनावर । ग्राम सेमल्दा में माँ रेवा घाट निर्माण के लिए चलाए जा रहे जनसहयोग अभियान के अंतर्गत 20 एवं 21 जुलाई 2026 को समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं दान संग्रहण सदस्यों द्वारा ग्राम वायल में घर-घर संपर्क कर दान संग्रह किया गया।**

ग्रामवासियों ने इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल ?6,11,000 की दान राशि की घोषणा एवं सहयोग प्रदान किया। दान संग्रह के दौरान पाटीदार समाज के 93 परिवारों द्वारा ?5,46,800 का सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं धनगर समाज, भिलाला समाज, सेन समाज, ब्राह्मण समाज, हरिजन समाज एवं मानकर समाज के नागरिकों ने मिलकर ?64,200 का योगदान दिया। इस प्रकार कुल ?6,11,000 की दान राशि दानदाताओं से संपर्क कर एकत्रित की गई।

इस अवसर पर ग्राम वायल के कैलाश पटेल (स्व. मोतीलाल जी पटेल) ने ?51,000 की दान राशि फोनपे के माध्यम से भेंट कर ग्राम वायल एवं पटेल परिवार का गौरव बढ़ाया।

### जनसहयोग से यह पुण्यकार्य साकार होगा

माँ रेवा घाट निर्माण समिति ने ग्राम वायल के समस्त दानदाताओं एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही यह पुण्य कार्य साकार होगा। समिति ने सभी के सहयोग की सराहना करते हुए माँ नर्मदा से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद समस्त ग्रामवासियों पर सदैव बना रहे। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत वायल के उपसरपंच दिनेश पटेल ने दी।

## एक नजर में

### अमरनाथ यात्रा से लौटे 20 तीर्थयात्री



**सरदारपुर।** सरदारपुर क्षेत्र से अमरनाथ, केदारनाथ, वैष्णोदेवी, खाटूश्यामजी, सांवरिया सेठ जैसे प्रसिद्ध धर्म लाभ लेने के लिए यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का दौर सरदारपुर क्षेत्र में जारी है। 5 जूलाई को अमरनाथ तीर्थ के लिए 20 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ, वैष्णोदेवी, अमृतसर ,खाटूश्यामजी, सांवरिया सेठ और अन्य धर्म स्थलो का दर्शन लाभ लेकर मंगलवार दोपहर को सकुशल नगर आगमन हुआ। तीर्थयात्रियों की सकुशल यात्रा पर इष्टमित्रों, परिवार, रिश्तेदारों द्वारा तीर्थयात्रियों का पुष्पमाला पहनाकर और आतिशबाजी के स्वागत कर खुशी मनाई गई ।तीर्थयात्री भारतसिंह खराड़ी ने बताया कि सभी यात्रियों की यात्रा सफल रही। अमरनाथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों ने बाघा बॉर्डर का भ्रमण भी किया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी वर्ष में 8 मई 2027 को

**नागदा।** राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी वर्ष में 8 मई 2027 को अक्षय तृतीया पर संपन्न होगा। महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला रंगारा खेड़ी की बैठक सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष कमल सिंह पटेल की अध्यक्षता में धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई। प्रारम्भ में मां सरस्वती एवं महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। उपस्थित समाज जनों द्वारा आपसी विचार मंत्रणा कर आगामी वर्ष के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथि तय की गई। अक्षय तृतीया 8 मई को सायं 7 बजे गोधूलि बेला में वर वधुओं के शुभ लग्न सम्पन्न होंगे। संपूर्ण वैवाहिक रस्म पंडित अनिल शास्त्री जलोद के आचार्यत्व में संपन्न होगी। सम्मेलन में शामिल होने वाले व वधुओं का वयस्क होना अनिवार्य रखा गया है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष इन्दर सिंह जाधव , भारत सिंह मंडलोई , रतन सिंह गोहिल , धर्मशाला अध्यक्ष भेरू सिंह सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष दशरथ सिंह पटेल ,सचिव भुवान सिंह सोलंकी, पूर्व सचिव ईश्वर सिंह तंवर , सचिवगण टिकम सिंह उमठ , मुकेश फौजी,हकम सिंह तंवर , कमल सिंह कामदार , नागु सिंह रेशमगारा , हटे सिंह वरनासा, कमल सिंह परिहार,लाखन सिंह कानवन आदि समाज जन उपस्थित थे। जानकारी गोवर्धन सिंह डोडिया खिले?ी ने दी।

### मारपीट के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**सरदारपुर ।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले मे जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रो के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट करने एवं दिल्ली मे प्रधानमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे नेता विपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के निर्देश पर मंगलवार रात्रि मे एवं बुधवार को दोपहर मे सरदारपुर विधानसभा की कांग्रेस इकाई एवं एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा सरदारपुर के अम्बेडकर चैराहा पर धरना प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को शाम को नेता विपक्ष राहुल गांधी को गिरफ्तार करने पर रात्रि 8.30 बजे कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता सरदारपुर अम्बेडकर चैराहे पर धरने पर बैठ गए जो रात्रि 11 बजे सरदारपुर थाना प्रभारी अनिल जाधव की समझाईश पर धरना समाप्त किया गया। वही बुधवार को पुन: अम्बेडकर चैराहे पर दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन कर दिल्ली मे प्रदर्शन कर रहे छात्रो का समर्थन किया। कांग्रेस नेतागण हाथो मे मोदी सरकार की तानाशाही नही चलेगी, धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो आदि नारे लिखी तख्तीया हाथो मे लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, जिला कांग्रेस सचिव राजेन्द्र लोहार, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भानुप्रतापसिंह टिमायची, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन गेहलोत, उपाध्यक्ष गजराज भूरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, युवा नेता शिवांग ग्रेवाल, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अरविन्द जाट, मुकेश तुफान, मदन वसुनिया, अर्जुन सेप्टा, परवेज लोदी, महेश कुमावत, अमृत मारू, जीवन ग्रेवाल, तुषार गौराना, विमल शर्मा, छगन मकवाना, शिवम ग्रेवाल, नयन ग्रेवाल, लक्की सोनगरा, मुस्तफा खान, अल्तमश खान, शोएब खान, वरूण डांगी, विपीन डांगी आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

### चातुर्मास का महत्व बताया

**इंदौर.** महावीर भवन की धर्मसभा में महासती महाप्रज्ञा महाराज ने सुंदर भजन के माध्यम से धर्मसभा की संबोधित करते हुए चातुर्मास का महत्व बताया. महासती कुमुदलता महाराज ने चातुर्मास मंगल प्रवेश में आने का अनुरोध किया. आपने चातुर्मास प्रवेश में शामिल होने का महत्व बताते हुए कहा कि जो भी साधु साध्वी चातुर्मास करते है और चार महीने जप, तप, धर्म आराधना करते है उसका पुण्य चातुर्मास प्रवेश करवाने वालो को मिलता है इसलिए यह अवसर किसी की भी छोड़ना नहीं चाहिए. आपने कहा सकल संघ को प्रात: 7 बजे महावीर भवन ईमली बाजार से प्रारंभ हो कर नरसिंग वाटिका पर पहुचने वाले मंगल जुलूस में अवश्य आएं. मंगल प्रवेश जुलूस की तैयारियां महावीर भवन श्रावक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में की जा रही हैं.

# बाग नगर में चातुर्मास प्रवेश की तैयारियाँ ज़ोरों पर

**बाग .नगर में 24 जुलाई को होने वाले परम पूज्य साध्वी ऋजूप्रिया श्रीजी म.सा., पूज्य साध्वी सौहमप्रिया श्रीजी म.सा. एवं पूज्य साध्वी देवप्रिया श्रीजी म.सा. के पावन चातुर्मास प्रवेश को लेकर पूरे नगर में खुशी और उत्साह का माहौल है।**

श्री राजेन्द्रसूरी जैन ज्ञान मंदिर, जहाँ पूज्य साध्वीश्री चार माह तक विराजमान रहेंगी, वहाँ इन दिनों विशेष साफ़-सफ़ाई और आकर्षक सजावट का कार्य तेज़ी से चल रहा है। मंदिर परिसर को सुंदर रूप दिया जा रहा है ताकि चातुर्मास प्रवेश महोत्सव भव्य और यादगार बन सके।



नगर के विभिन्न स्थानों पर भी स्वागत की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। श्रीसंघ के सभी सदस्य तन-मन से धर्म सेवा में लगे हुए हैं।

जैन समाज अध्यक्ष अमित जी जैन, चातुर्मास समिति अध्यक्ष अमृतलाल जी जैन तथा भोजन समिति अध्यक्ष प्रफुल जी सेक्रेट्री भी तैयारियों में पूरे जोश और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। यह जानकारी क्रिया सेक्रेट्री ने दी।

# ग्राम मोरगांव में एनीमिया जांच एवं रोकथाम शिविर

**सरदारपुर ।** शिविर में लगभग 190 हितग्राहियों की एनीमिया, रक्तचाप (ब्क्क) एवं शुगर की जाँच की गई। जिन हितग्राहियों का रक्तचाप एवं शुगर स्तर अधिक पाया गया, उन्हें उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया गया। वहीं, जिन हितग्राहियों में एनीमिया पाया गया, उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

संस्था से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शीतल मानकर तथा टीम सदस्य रामा भूरिया, जयश्री सागर, आरती पटेल एवं प्रियंका घामड़ द्वारा शिविर के आयोजन एवं संचालन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मनीषा दाड़कर, आशा सहयोगिनी किरण सिनम एवं आशा कार्यकर्ता बंटी चौहान उपस्थित रहीं। आयुष विभाग से डॉ. मीनल गुप्ता एवं मंजू वास्केल ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। विशेष सहयोग ग्राम पंचायत की सरपंच अनिता आत्माराम सिंगार एवं सचिव प्रवीण चावरे का रहा।

# नीट पेपर लीक मामले पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**बदनावर।** ग्राम कानवन में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण तथा छात्र आंदोलन के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को टप्पा तहसील कानवन पहुंचकर नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक अधिकारों के विपरीत है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय पुलिस ने लाठीचार्ज किया। साथ ही विद्यार्थियों के समर्थन में पहुंचे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी की भी निंदा की गई। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से हटाने की मांग की गई। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल सिंह पटेल, मोहन जाट (नागदा), कानवन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गोयल, ब्लॉक उपाध्यक्ष राकेश लववंशी, मंडलम अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, दिनेश रघुवंशी (कडोद), विधायक प्रतिनिधि जगदीश बना, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, ब्लॉक महामंत्री जय सिंह, गोवर्धन सिंह पटेल (दीवानिया), धारासिंह राठौड़ (धनियाखेड़ी), अभिषेक पटेल, अंशुल जैन, आत्माराम डिंडोर, सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार साटल्या पर दर्ज हुआ दो करोड़ का मानहानि का मुकदमा

- अफसरों को अपमानित करना पड़ा भारी
- सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक मंचों तक कथित अमर्यादित टिप्पणियों का मामला, नगर परिषद ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया

**धामनोद।** खुद को नगर का प्रभावशाली नेता बताकर नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कथित रूप से अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणियां करना अब विष्णु पिता शोभाराम पाटीदार उर्फ साटल्या को भारी पड़ता नजर आ रहा है। लंबे समय से विवादित बयानों और सार्वजनिक आरोपों के कारण चर्चा में रहने वाले विष्णु पाटीदार के विरुद्ध अब मानहानि का मुकदमा न्यायालय पहुंच गया है।

सूत्रों के अनुसार नगर परिषद अधिकारियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने तथा सार्वजनिक रूप से उनकी छवि धूमिल करने के आरोपों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने द्वितीय जिला न्यायाधीश प्रवीण शिवहरे साहब, धरमपुरी के न्यायालय में दो करोड़ के मानहानि क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत किया है। प्रकरण क्रमांक ऋह्र/35/2026 के तहत दर्ज मामले ने नगर की सियासत और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है।



### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया

बताया जाता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप ग्ररुपों और सार्वजनिक स्थानों पर दिए गए कथित बयानों को लेकर नगर परिषद अमला काफी समय से नाराज था। आखिरकार मामला न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया और अब कानूनी लड़ाई शुरू हो चुकी है। अब अदालत में होगी %बोल की कीमत की पड़ताल अधिकारियों पर कथित अमर्यादित टिप्पणियों का आरोप।

- नगर परिषद की छवि धूमिल करने का मामला।

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दायर किया दावा।

-द्वितीय जिला न्यायाधीश, धरमपुरी के समक्ष पहुंचा विवाद।

- फैसले पर टिकी नगरवासियों की नजर।

जिन बयानों से सुर्खियां बटोरीं, अब वही बयान अदालत में बनेंगे चुनौती अब नगर के लोगों की निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी है वहीं चौराहे पर लोगों के चटकारे लेते दबी जुबान के स्वर यही कहते नजर आ रहे है कि है कि अब ऊंट किस करवट बैठता है ।1

## एक नजर में

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन ब्रह्मांड के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु सृष्टि का कार्यभार भगवान को शिव को सौंपकर क्षीरसागर योग निद्रा में चले जाएंगे

# 20 नवंबर तक शुभ मुहूर्त पर विराम, देवउठनी से फिर होंगे विवाह

**धार ।** देवशयनी एकादशी पर मांगलिक कार्यों पर रोक। भगवान विष्णु 20 नवंबर 2026 तक क्षीरसागर में शयन करेंगे। नवंबर में देवउठनी एकादशी के बाद शुभ कार्य फिर शुरू। ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि बैंड, बाजा, बरात और शुभ कार्यों पर चार महीने के लिए ब्रेक लगने वाला है।

25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों पर लंबी अवधि के लिए विराम लग जाएगा। विवाह, मुंडन, जनेऊ, गृह प्रवेश समेत सभी प्रकार के मांगलिक कार्य के लिए नवंबर महीने तक इंतजार करना पड़ेगा।

डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीविष्णु 25 जुलाई से 20 नवंबर 2026 तक क्षीरसागर में शयन करेंगे। हिंदू धर्मग्रंथों और पंचांग के अनुसार 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ हो रहा है।

चार महीने के लिए क्षीरसागर में योग निद्रा

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन ब्रह्मांड के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव को सौंपकर चार महीने के लिए क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाएंगे।

डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार, देवशयनी एकादशी केवल भगवान के सोने का दिन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और मनुष्य को विश्राम और आत्ममंथन का संदेश देती है। जब जगत का स्वामी ठहरता है, तो हमें भी अपनी भागदौड़ रोककर भक्ति में लीन होना चाहिए। जब भगवान विष्णु निद्रा में होते हैं, जिसके बाद से पूरे चार महीनों के लिए सृष्टि के संचालन की गति बदल जाती है और सांसारिक कार्यों पर विराम लग जाता है।

*वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संयमित जीवन*

धार्मिक कथाओं के साथ-साथ इस समय का एक बहुत बड़ा मौसमी महत्व भी बताया गया है-

वर्षा ऋतु का समय- वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह वर्षा ऋतु का समय होता है, जब वातावरण में नमी बढ़ने के कारण कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। *संयम की आवश्यकता*= इस मौसम में शरीर की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए इन चार महीनों में व्रत रखने और बेहद संयमित जीवन जीने की सलाह दी जाती है ताकि स्वास्थ्य ठीक रहे।

डॉ. अशोक शास्त्री के मुताबिक़ इस अवधि में किए गए मांगलिक कार्यों का शुभ फल प्राप्त नहीं होता। इसीलिए इस दौरान किसी भी नए और शुभ कार्य की शुरुआत नहीं की जाती। भगवान के शयन काल में शादियों के लिए पंचांग में कोई भी शुभ मुहूर्त उपलब्ध नहीं है।

### चलता रहेगा व्रत, अनुष्ठान

नए घर में रहने जाना या नए भवन का उद्घाटन करना वर्जित रहेगा। बच्चों के मुंडन और उपनयन संस्कार नहीं किए जा सकेंगे। नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की शुरुआत और नए मकान की नींव रखना भी इस अवधि में शुभ नहीं माना जाता। देवशयनी एकादशी से पहले मुहूर्त अनुसार मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं।

**नवंबर में लौटेगी रौनक-** डॉ. अशोक शास्त्री के मुताबिक़ मांगलिक कार्यों पर लगा यह विराम 20 नवंबर 2026 को देवउठनी एकादशी के दिन समाप्त होगा। इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की निद्रा से जागेंगे और शहनाइयों की गूंज और शुभ कार्यों की बहार लौटेगी। पंचांग के अनुसार नवंबर में 21, 22, 23, 24, 28 व 29 तारीख को विवाह का मुहूर्त है।

-डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि चातुर्मास में किए गए जप, होम, स्वाध्याय और व्रत का अनंत फल मिलता है। इस अवधि में प्रतिदिन स्नान के बाद भगवान विष्णु के सम्मुख पुरुषसूक्त का जप करने से बुद्धि तीव्र होती है। वेदों का स्वाध्याय करने वाला विद्वान बनता है.